भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1749
13 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

एसएआईएल को वित्तीय सहायता

1749. डॉ. भीम सिंहः

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता और बैंक ऋण की व्यवस्था करने हेतु बैंकों/वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय कर रही है; और
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में लिए गए प्रमुख निर्णयों और प्रस्तावित सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)

(क) और (ख) : इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार एक सुविधाकर्ता के रूप में कार्य करती है, तथा निवेश, उत्पादन आदि पर निर्णय कंपनियों द्वारा किए गए आंतरिक विश्लेषणों का परिणाम होते हैं। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) अपनी आवश्यकताओं, जिनमें उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु निर्धारित परियोजनाएँ शामिल हैं, के वित्तपोषण के लिए आंतरिक उपार्जन और बाहरी स्रोतों के मिश्रण से धन जुटाती है।

******